केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग

कक्षा-आठवीं SET-1

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2021-22)

विषय-हिन्दी **पूर्णांक-40**

कक्षा-8 वीं **समय-90 मिनट**

पाठ-बोधन

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 1x5 अंक

साथ हँसते, साथ ही रोते, एक साथ खाते-पीते, एक साथ सोते। भिनसार होते ही खोते से निकल पड़ते दाना चुगने और झुटपुटा होते ही खोंते में आ घुसते। थकान मिटाते और सारे दिन के देखे-सुने में हिस्सेदारी बटाते। एक शाम गवरइया बोली, “आदमी को देखते हो? कैसे रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं ! कितना फबता है उन पर कपड़ा!” “खक फबता है!” गवरा तपाक से बोला, “कपड़ा पहन लेने के बाद तो आदमी और बदसूरत लगने लगता है।”

“लगता है आज लटजीरा चुग गए हो?” गवरइया बोल पड़ी।

“कपड़े पहन लेने के बाद आदमी की कुदरती खूबसूरती ढंक जो जाती है।” गवरा बोला, “अब तू ही सोच! अभी तो तेरी सुघड़ काया का एक-एक कटाव मेरे सामने हैं, रोंवे-रोंवे की रंगत मेरी आँखों में चमक रही है।

1. वे अपने घोंसले में कब आते थे?
2. घोंसले में आने के बाद गवरा और गवरइया किस विषय पर बातें कर रहे थे?
3. “भिनसार शब्द का अर्थ है-
4. गवारा के अनुसार कपड़े पहन लेने से क्या होता है?
5. ‘सुघड़ काया’ में सुघड़ शब्द क्या है?

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 1x 5 अंक

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?

किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।

तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।

काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिन सी भुइँ लोटी।

काचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।

सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

1. कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ?
2. माता यशोदा ने कृष्ण को क्या बताया था?
3. कृष्ण माँ से क्या खाने को देने का आग्रह करते हैं ?
4. माँ यशोदा द्वारा किसकी जोड़ी को दीर्घायु होने की कामना की गई है?
5. “काचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।“ में “पचि-पचि” का क्या अर्थ है -

वसंत पुस्तक से

3 - किन्ही 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 2x3=6 अंक

1. पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलमआरा फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया? विचार व्यक्त कीजिए।
2. प्रारंभ में 'साइकिल आंदोलन' को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?
3. लेखक को ओस की बूँद कहाँ मिली ?
4. बाज ज़िंदगी भर आकाश में ही उड़ता रहा, फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?
5. टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस किस के पास गई ? टोपी बनने तक के एक-एक कार्य लिखें।

4- किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिये - 2x1=2 अंक

1. "पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
2. श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे?

“भारत की खोज “ पुस्तक से

5 -किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिये - **2x1=2 अंक**

1. “औरतों के परदे में अलग-अलग रहने से सामाजिक जीवन के विकास में रुकावट आई।” कैसे?
2. ‘भारत माता की जय’ आपके विचार से इस नारे में किसकी जय की बात कही जाती है? अपने उत्तर का कारण भी बताइए।

व्याकरण

6-सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये - **1x10=10 अंक**

1. वाद –विवाद में कौन सा समास है ?
2. ”याचना करना” का अर्थ है -
3. ”उम्मीदवार “शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
4. ”जो काम नहीं करेगा, उसे खाना हरगिज़ नहीं मिलेगा “वाक्य में “हरगिज़ “ देशज शब्द या विदेशज शब्द है ?
5. ”लोकप्रिय नाटक “में “लोकप्रिय “पद परिचय के अनुसार कैसा शब्द है?
6. ”फिल्मोद्योग “का उचित संधि –विच्छेद कीजिए?
7. ”सवाक्”शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए?
8. “पानी परात को हाथ छुयो नहिं ,नैनन के जल सो पग धोए” पंक्ति में कौनसा अलंकार है ?
9. ”दुम दबाकर भागना” मुहावरा का अर्थ लिखिए है?
10. ”टोपी पहनाना” मुहावरा का अर्थ लिखिए है?

रचनात्मक लेखन

7- किसी 1 प्रश्न का उत्तर दीजिये - **1x5=5 अंक**

1. किसी कारीगर से बात कीजिए और परिश्रम का उचित मूल्य नहीं मिलाने पर उसकी प्रतिक्रया क्या होगी ? कम से कम 100 शब्द में लिखिए ?

अथवा

पिता और पुत्र के बीच संवाद को पूरा करो –(कम से कम एक वाक्य लिखें)

राहुल – पिता जी, मुझे अपने दोस्तों के साथ बाजार जाना है।

पिता – (1)..

राहुल – नहीं पिता जी, अब मैं खूब पढ़ूँगा, वादा करता हूँ।

पिता – बेटे ऐसे वादे तो रोज करते हो।

राहुल – (2)..

पिता – (3)...

राहुल – फिर आप जैसा कहेंगे, मैं वैसा ही करूँगा।

पिता – (4)...

राहुल – (5)..

वर्तनी

8- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये | **1x5=5 अंक**

1. निम्नलिखित शब्द को शुध्द करके लिखो -

   वर्णनतीत -...

2. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो -

   जिसका कोई नाम नहीं -...

3. सही क्रम में लिखकर अर्थपूर्ण शब्द बनाइये -

   ह /क /म /न /ह / मो -..

4. शब्द पूरा करें -

   ति_मिला -..

5. सही शब्द पर सही (√) का निशान लगाएं -

   a) घाटिया   c) मझलीयाँ

   b) चोटीयां   d) पहाड़ियां